भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 866

27 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

तमिलनाडु के शहरी स्थानीय निकायों को अमृत/स्मार्ट सिटी निधि का संवितरण

866 **श्री प्रवीण चक्रवर्तीः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वित्त वर्षों के दौरान अमृत 2.0 और स्मार्ट शहर मिशन के तहत तमिलनाडु राज्य को स्वीकृत और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है**;**

(ख) जारी की गई धनराशि के उपयोग की दर क्या है**;** और

(ग) राज्य में शहरी स्थानीय निकायों के लिए स्वीकृति और धनराशि जारी करने के बीच किसी भी अंतराल के क्या कारण हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) से (ग) अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) 2.0 के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य को परियोजनाओं हेतु संपूर्ण मिशन अवधि के लिए 4942 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता आवंटित की गई है। राज्य को कुल 2614.18 करोड़ रुपये (09.07.2026 तक) की निधि जारी की गई/ मूल स्वीकृति दी गई, जिसके सापेक्ष राज्य ने 2409.66 करोड़ रु. के उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा किए/व्यय किया। पिछले तीन वित्तीय वर्षों अर्थात 2023-24 से 2025-26 के दौरान, राज्य को 1866.05 करोड़ रुपये की निधि जारी/स्वीकृत की गई है, जिसके सापेक्ष राज्य ने 1860.95 करोड़ रुपये का उपयोग किया है। केंद्रीय अंश की निधियाँ अब राज्यों को मूल स्वीकृतियों के माध्यम से जारी की जाती हैं, जिनका उपयोग राज्य द्वारा वास्तविक समय के आधार पर किया जाता है।

स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के अंतर्गत, मिशन की शुरुआत से, तमिलनाडु राज्य 5,390 करोड़ रु. की केंद्रीय वित्तीय सहायता का दावा कर पाया है, जिसमें से 5,388 करोड़ का उपयोग किया गया है।

*****